# सक्रिय सामग्री को प्रिस्क्राइब करना (एक्टिव इंग्रीडिएंट प्रिस्क्राइबिंग): वह सब जानकारी जिसे आपको जानने की ज़रूरत है

आपके डॉक्टर से दी जाने वाली प्रिस्क्रिप्शन पर दवाई से जुड़ी दिखने वाले जानकारी में बदलाव हो रहा है। यह बदलाव ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रस्ताव का भाग है, और इसका यह अर्थ है कि अधिकांश Pharmaceutical Benefits Scheme (PBS) (फॉर्मास्यूटिक्ल बेनेफिट्स स्कीम) और Repatriation PBS (RPBS) (रिपेट्रिएशन पी.बी.एस) प्रिस्क्रिप्शन दवाईयाँ अपने ब्रांड नाम की बजाए अपनी सक्रिय सामग्री के अनुसार प्रिस्क्राइब की जाएंगी।

## सक्रिय सामग्री क्या होती है?

सक्रिय सामग्रियाँ वह सामग्री होती है जिससे दवाई बनती है। ब्रांड नाम दवा का वह नाम होता है जो दवा के निर्माता द्वारा दिया जाता है।

ऐसी बहुत सी दवाईयाँ हैं जिनमें समान सक्रिय सामग्री होती है परन्तु उनके ब्रांड नाम अलग-अलग हैं। ऐसा केवल दवाईयों के मामले में ही नहीं होता है। हमारी सुपरमार्केट ऐसे उत्पादों से भरी हुई हैं जो अंदर से एक जैसे होते हैं परन्तु उनके ब्रांड नाम अलग-अलग हैं।

सभी दवाईयों की सक्रिय सामग्रियाँ पैकेजिंग या जिन कंटेनर में यह आती हैं, उनमें सूचीबद्ध होनी चाहिए। दवा की पैकेजिंग में यह भी दर्शाया जाता है कि उस खास सूत्रीकरण में कितनी सक्रिया सामग्री है। यह दवाई की क्षमता होती है। कुछ दवाईयों के ब्रांड नाम समान हो सकते हैं, परन्तु वे सक्रिय सामग्री की अलग-अलग क्षमताओं में आते हैं, इसलिए इनका प्रयोग अलग-अलग स्थितियों में या अलग-अलग आयु वर्ग वाले लोगों (जैसे कि शिशुकों, छोटे बच्चों, वयस्कों) द्वारा किया जा सकता है।

कभी-कभार, किसी दवाई में एक से अधिक सक्रिय सामग्री होती है। यदि ऐसा हो, तो प्रत्येक सक्रिय सामग्री का नाम पैकेजिंग और फॉर्मेसी डिस्पेंसिंग लेबल पर दर्शाया जाता है।

## जेनेरिक (सामान्य) दवाईयों के बारे में

जब कोई दवा कंपनी कोई नई सक्रिय सामग्री विकसित करती है, तो इसे पेटेंट दिया जाता है। इसका यह अर्थ है कि किसी निश्चित समयावधि के दौरान कोई अन्य कंपनी समान सक्रिय सामग्री वाली दवा का निर्माण और बिक्री नहीं कर सकती है।

बाज़ार में सबसे पहले आने वाली दवा को कभी-कभी **जनक** ब्रांड कहा जाता है।

पेटेंट के समाप्त होने पर, अन्य कंपनियाँ दवा के अपने संस्करण विकसित कर सकती हैं। इन्हें **जेनेरिक दवाईयाँ** कहते हैं। इनकी सक्रिय सामग्री जनक ब्रांड के समान होती है, परन्तु नई दवाईयों को अलग ब्रांड नाम के अधीन बाज़ार में लाया जाता है।

ट्रेडमार्क नियमों के कारण, जेनेरिक दवाईयों और कभी-कभी खुद वास्तविक दवाई (गोली, टेबलेट, कैप्सूल आदि) की पैकेजिंग को ऐसे बनाया जाता है कि यह जनक ब्रांड से अलग दिखे।

### जेनेरिक दवाई का प्रयोग करने से क्या अंतर पड़ेगा?

यह ज़रूरी है कि ऑस्ट्रेलिया में बेची जाने वाली सभी दवाईयाँ Therapeutic Goods Administration (TGA) (चिकित्सीय सामान प्रशासन) द्वारा अनुमोदित की गई हों। TGA यह आवश्यक बनाता है कि जेनेरिक दवाईयाँ गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता के मूल ब्रांड के समान कड़े स्तरों को पूरा करें। जेनेरिक दवा का यह प्रमाण होना भी आवश्यक है कि यह शरीर में मूल ब्रांड दवा के समान तरीके से काम करे। इसे जैव-समानता कहा जाता है।

इसलिए अधिकांश दवाईयों के लिए, लाभ और दुष्प्रभाव उस सक्रिय सामग्री के मूल और जेनेरिक संस्करणों के लिए एक जैसे होंगे।

उपभोक्ताओं के लिए, जेनेरिक और ब्रांड दवाईयों में मुख्य अंतर उनके द्वारा दवाई के लिए किए जाने वाले भुगतान में अंतर होने की संभावना का होना है। जेनेरिक दवाईयाँ बनाने में कम खर्च आता है, और इसका यह अर्थ है कि वे खरीदने में कम महंगी होती हैं।

यदि आपके स्वास्थ्य पेशेवर ने आपके लिए दवाई के कोई खास ब्रांड को प्रिस्क्राइब न किया हो, जेनेरिक दवाई या मूल ब्रांड में से किसी एक का प्रयोग करना आपका फैसला है।

आपको दवा प्रिस्क्राइब करने वाले व्यक्ति या फॉर्मेसिस्ट के साथ अपने विकल्पों की चर्चा करके दवाईयों से जुड़े अपने फैसले सोच-समझ कर लेने चाहिए।

# सक्रिय सामग्री को प्रिस्क्राइब करना (एक्टिव इंग्रीडिएंट प्रिस्क्राइबिंग) क्या होता है?

PBS और RPBS प्रिस्क्रिप्शनों में अब प्रत्येक दवाई में सक्रिय सामग्री के बारे में जानकारी शामिल किए जाने की ज़रूरत है। प्रिस्क्रिप्शनों में सक्रिय सामग्री को शामिल किए जाना 1 फरवरी 2021 से अनिवार्य होगा। यदि प्रिस्क्राइबकर्ता दवाई के ब्रांड नाम को भी शामिल करना चाहे, तो यह सक्रिय सामग्री की जानकारी के बाद आएगा।

नवीनतम प्रस्ताव सक्रिय सामग्रियों से सम्बन्धित सामान्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने में सहायता देने वाले अन्य सरकारी प्रस्तावों का समर्थन करता है, जैसे कि दवाईयों की पैकेजिंग पर सक्रिय सामग्रियों के नामों का पता लगाना और इन्हें पढ़ पाना अधिक आसान बनाने के लिए TGA का प्रस्ताव।

इन सभी कदमों का यह अर्थ है कि आपके और आपके प्रिस्क्राइबकर्ता या फॉर्मासिस्ट के लिए समान सक्रिय सामग्री वाली विभिन्न दवाईयों के लिए आपके विकल्पों के बारे में बात करना अधिक आसान होगा। हो सकता है कि आप जेनेरिक या जैव-समान दवाई का चयन कर सकें, जो हो सकता है कि ब्रांड नाम वाली दवा से सस्ती हो।

ये बदलाव इस बारे में भी अधिक अनुकूलता का समर्थन करेंगे कि लोग दवाईयों से जुड़ी जानकारी को कैसे देखते हैं। इसके फलस्वरूप दवाईयों का अधिक सुरक्षित तथा उचित प्रयोग किया जा सकता है और यह निम्नलिखित काम अधिक आसान बनाने के द्वारा किया जाता है:

- यह जांच करना कि आप एक से अधिक प्रिस्क्रिप्शन दवाई में समान सक्रिय सामग्री का सेवन कर रहे/रही हैं – आकस्मिक तौर पर दुगनी खुराक लेने से बचने के लिए
- यह जांच करना कि आप कोई ऐसी सक्रिय सामग्री का सेवन नहीं कर रहे/रही हैं जिससे आपको एलर्जी है
- यह जांच करना कि सक्रिय सामग्री का सेवन उन दवाईयों के साथ किया जा सकता है जिनमें अन्य सक्रिय सामग्रियाँ हैं
- विदेश यात्रा करते समय आपकी सामान्य दवाईयों के लिए उचित विकल्पों की पहचान करना।

कभी-कभी दवाई के समान ब्रांड का प्रयोग करते रहना महत्वपूर्ण होता है। पर फिर भी यदि स्वास्थ्य पेशेवरों को लगे तो वे दवा के किसी विशिष्ट ब्रांड को प्रिस्क्राइब कर सकते हैं।

कुछ प्रिस्क्रिप्शन दवाईयों में एक से अधिक सक्रिय सामग्री होती है, और इन्हें प्रिस्क्रिप्शन पर सूचीबद्ध किया जाएगा (नीचे दिए गए विवरण के अलावा)।

नए नियम निम्नलिखित पर लागू नहीं हैं:

- हाथ से लिखी प्रिस्क्रिप्शन
- आवासीय वयोवृद्ध देखभाल क्षेत्र में कागज-आधारित दवाईयों का चार्ट
- दवाईयाँ जिनमें चार या इससे अधिक सक्रिय सामग्रियाँ हों
- दवाईयाँ जिन्हें रोगी की सुरक्षा की रोकथाम करने के लिए अलग किया गया हो अथवा वे स्थितियाँ जहाँ सक्रिय सामग्री के द्वारा दवा को प्रिस्क्राइब करना अव्यवहारिक हो।

# मूल ब्रांड लेना कब जारी रखें

हालाँकि आप जेनेरिक ब्रांड का चयन करने अक्सर पैसों की बचत कर सकते हैं, परन्तु कुछ लोगों को ब्रांड बदलना नहीं चाहिए। कुछ ऐसी भी परिस्थितियाँ होती हैं जिनमें आपका डॉक्टर दवा का कोई विशिष्ट ब्रांड प्रिस्क्राइब कर सकता है क्योंकि उन्हें लगता है कि यह आपकी नैदानिक ज़रूरतों को श्रेष्ट तरीके से पूरा करने वाला ब्रांड है।

यदि आपका डॉक्टर यह फैसला लेता है कि आपके लिए किसी खास ब्रांड का प्रयोग करते रहना आवश्यक है, तो उनके लिए आपकी प्रिस्क्रिप्शन पर ब्रांड नाम शामिल करना और ‘Brand substitution not permitted (ब्रांड बदलने की अनुमति नहीं है)’ बॉक्स पर सही का निशान लगाना ज़रूरी होगा।

# दवाईयों में अन्य सामग्रियाँ

सक्रिय सामग्री के साथ-साथ, दवाईयों में अन्य सामग्रियाँ भी शामिल होती हैं जिन्हें असक्रिय सामग्रियाँ या एक्सिपिएंट्स कहते हैं।

सक्रिय सामग्री महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह वह रसायन है जो दवा को कारगर बनाता है, परन्तु निर्माण प्रक्रिया के भाग के तौर पर असक्रिय सामग्रियों की ज़रूरत होती है। सक्रिय सामग्री को निम्नलिखित प्रकार से शामिल किया जा सकता है:

- एक पूरक के तौर पर यदि सक्रिय सामग्री की गुणवत्ता बहुत कम हो
- सक्रिय सामग्री को स्थिर करने के लिए ताकि यह अधिक लंबी अवधि के लिए प्रभावी बनी रहे
- सक्रिय सामग्री को शरीर द्वारा और अधिक प्रभावशाली ढंग से अवशोषित करने में मदद देने के लिए
- सभी सामग्रियों को एकसाथ रखने के लिए एक बंधक के तौर पर
- दवाई को मीठा बनाने या स्वाद देने के लिए ताकि इसका सेवन करना अधिक आसान हो सके
- गोलियों या कैप्सूलों पर परत चढ़ाने के लिए ताकि इन्हें अधिक आसानी से निगला जा सके।

अधिकांश लोगों के लिए, असक्रिय सामग्री से कोई फ़र्क नहीं पड़ेगा। परन्तु, यदि आपको खासी एलर्जियाँ या असहिष्णुताएँ हैं, या आप सांस्कृतिक या चिकित्सीय कारणों के लिए कुछ निश्चित पदार्थों से परहेज करने का चयन करते/करती हैं, तो हो सकता है कि आपको यह जानने की ज़रूरत हो कि आपकी दवाई में कौन-कौन सी असक्रिय सामग्रियाँ हैं। लैक्टोज, ग्लूटन, शूगर, संरक्षक और रंजक (डाइ) जैसी असक्रिय सामग्रियाँ आपके लिए मायने रख सकती है। यदि ऐसा है, तो दवाईयों से जुड़े फैसले सोच-समझ कर लें और दवा का कोई दूसरा ब्रांड चुनने से पहले अपने फॉर्मासिस्ट या डॉक्टर से इसकी जांच करें।

## प्रिस्क्राइब करने वालों के लिए किस प्रकार का समर्थन उपलब्ध है?

प्रिस्क्राइब करने वालों और फॉर्मासिस्ट को नए नियमों की नवीन जानकारी रखने तथा यह समझने में सहायता देने के लिए कि इनका उनकी प्रेक्टिस और रोगियों के लिए क्या अर्थ है, स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न प्रकार की समर्थन सामग्री विकसित करने के लिए Australian Commission on Safety and Quality in Health Care (स्वास्थ्य देखभाल में सुरक्षा एवं गुणवत्ता के लिए ऑस्ट्रेलियाई आयोग) के साथ काम किया है। यह जानकारी वर्णन करती है कि प्रिस्क्राइब करने वाले लोग कब प्रिस्क्रप्शन पर ब्रांड नाम शामिल करने पर ग़ौर कर सकते हैं, तथा स्वास्थ्य पेशेवर रोगी सुरक्षा का संरक्षण कैसे कर सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने **सक्रिय सामग्री को प्रिस्क्राइब करने के बारे में जानकारी** तैयार की है, इसमें **स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक तथ्य पत्र शामिल है**।

NPS MedicineWise के पास भी **स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए जानकारी** उपलब्ध है।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है?

- सक्रिय सामग्री को प्रिस्क्राइब करने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए AIPrescribing@health.gov.au पर अपने सवाल ई-मेल करें
- Medicine Finder. का प्रयोग करके सक्रिय सामग्री या ब्रांड नाम द्वारा दवाईयों से जुड़ी जानकारी का पता लगाएँ।
- प्रिस्क्रिप्शन, ओवर-दि-काउंटर (बिना प्रिस्क्रिप्शन वाली) और पूरक दवाईयों के बारे में सवालों के लिए, **Medicines Line** (**1300 MEDICINE**) (**1300 633 424**) के माध्यम से स्वास्थ्य पेशेवर से बात करें।
- MedicineWise app का प्रयोग करके दवाईयों पर नज़र रखें और किसी भी समय तथा कहीं भी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी तक पहुँच प्राप्त करें, विशेषकर आपातकालीन स्थितियों में।

**nps.org.au**

Level 7/418A Elizabeth Street Surry Hills NSW 2010
PO Box 1147 Strawberry Hills NSW 2012
02 8217 8700 02 9211 7578 @ info@nps.org.au

Independent, not-for-profit and evidence based, NPS MedicineWise enables better decisions about medicines, medical tests and other health technologies. This resource is funded by the Australian Government Department of Health. ABN 61 082 034 393 © 2021 NPS MedicineWise

Disclaimer: Reasonable care is taken to provide accurate information at the time of creation. This information is not intended as a substitute for medical advice and should not be exclusively relied on to manage or diagnose a medical condition. NPS MedicineWise disclaims all liability (including for negligence) for any loss, damage or injury resulting from reliance on or use of this information. Read our full disclaimer. NPS2368

NPS MEDICINEWISE